an>

Title: Need to expedite construction of Bogibill bridge over river Brahmaputra near Dibrugarh, Assam.

श्री निनोंग इरिंग (अरुणाचल पूर्व) : सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से रेल मंत्री और राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री जी को बोगीबील ब्रिज, जोकि एक बहुत ही महत्वपूर्ण ब्रिज है, के बारे में बताना चाहता हूं। यह ब्रिज उत्तर और दक्षिण आसाम को आपसे में जोड़ता है। साथ ही साथ यह अरुणाचल प्रदेश को भी जोड़ता है। यहां पर चीन की जितनी भी सीमाएं हैं, इसी ब्रिज के द्वारा आप वहां तक जा सकते हैं। आपने सुना होगा कि निइंगची और शिगाटसे दोनों ने 254 किलोमीटर का रास्ता लहासा से निइंगची तक बनाया है। अरुणाचल की हमारी जो सीमा है तुतिंग, गेलिंग और त्वांग तक वह सड़क पहुंचती है और दूसरी तरफ हमारे सिक्किम के नाथुला दर्रे तक पहुंचती है। इसमें आवश्यक है कि हम वहां जल्दी पुल का निर्माण करें क्योंकि अभी भी जो हमारे डिब्रूगढ़ के युवा मंत्री हैं सरबानंदा सोनवाल और हमारे तेली साहब का क्षेत्र है तीनों क्षेत्रों को यह जोड़ती है। अगर हमने इसे नहीं बनाया तो हमारे यहां फौजों की जो मूवमेंट होती है जल के द्वारा जो मूवमेंट होती है वह बहुत असुरक्षित है। हमें नदी को नाव के द्वारा पार करना होता है। इसलिए आपके द्वारा हम हमारे दोनों मंत्रियों को जानकारी देना चाहते हैं कि इस पुल का जल्दी से जल्दी बनना बहुत आवश्यक है।